We have added two new avenues for disposal of the matters i.e. Pilot Project and Lok Adalats. In 1994 we took four districts for Pilot Project and the idea was that no case older than two years should be allowed to remain pending at the close of the Project. The Pilot Project was introduced in the districts of Guna, Ratlam, Seoni and Rajnandgaon with a view to make them litigation free districts. The results in these four districts was very encouraging and therefore we introduced Pilot Project in another 4 districts namely Bilaspur, Shahdol, Dhar and Sagar. The result in all the districts has been very good and we are slowly taking up the other districts also under Pilot Project Scheme so as to expedite disposal. Like-wise, Lok Adalat movement has also been a great success. Lok Adalat movement has got sanction of the Parliament and the Parliament enacted Legal Services Authority Act, 1987. The State has also framed rules viz. M.P. State Legal Services Authority Rules, 1996. As such, Lok Adalat movement has come to acquire a statutory status. Under the Lok Adalat Scheme, a large number of cases have been disposed of. In 1997, 18095 cases were disposed of in Lok Adalat in districts. We also held our first Lok Adalat of High Court at Indore Bench on 13-10-96 and sufficient number of cases were disposed of at Indore Bench in Lok Adalat. We propose to have a High Court Lok Adalat shortly at the main seat at Jabalpur also and we hope that a large number of cases will be decided in this Lok Adalat also. This

movement is now slowly and slowly getting momentum and it will be implemented rigorously.

A small resume of the working of the courts in the State of M.P. would show that the High Court as well as the subordinate courts are striving hard despite some short-comings, still all the members of the fraternity are working to the best of their capacity and I am proud of the Institution and I assure that the judiciary in the State of M.P. will do its best to serve the people of the State and speed up disposal of matters. I end this speech with a note of thanks to all concerned, to the State Administration as well as to the Organisers of the Conference for their nice arrangements and I am sure that the judicial officers will interact between themselves and find out certain ways and means to dispose of the cases quickly and come up to the expectation of people of the State.

Thanking you.

●

केवल पढ़ें नहीं, अपनाएं भी

पत्र–पत्रिका पढ़ने के पश्चात कितने लोग उसमें प्रकाशित तार्किक एवं स्पष्ट विचारों को अपने व्यवहार में अपनाते हैं। हमे केवल मनोरंजन अथवा ज्ञान वृद्धि हेतु ही पत्रिका नहीं पढ़ना चाहिए, अपितु उसमें प्रकाशित लेखों का गहन एवं तर्कसंगत विश्लेषण कर उनको व्यावहारिकता का जामा (आवरण) भी पहनाना चाहिए। स्तरीय पत्रिकाओं में उठाए गए विचारों, मुद्दे एवं आलेखों का प्रमुख उद्देश्य वैचारिक जागृति के साथ ही सामाजिक एवं व्यवहारिक बदलाव लाना होता है। इसमें प्रकाशित अधिकांश सामग्री एवं सुझाव विचार करने के साथ ही अनुसरणीय होते हैं। देखने में आता है कि उच्च शिक्षित एवं प्रबुद्ध वर्ग भी व्यवहारिक तौर पर कोई नया अथवा भिन्न कार्य करने में इसलिए सकुचाते हैं क्योंकि इससे समाज से कटने अथवा प्रताड़ित होने का डर रहता है और सुलझी हुई तथा वृहद मानसिकता होने के पश्चात भी वे सड़ी गली मान्यताओं, कुप्रथाओं, अंधविश्वासों एवं अस्वस्थ्य परंपराओं से दीमक की तरह चिपके रहते हैं। इसलिए इसी से "उपदेश से अच्छा उदाहरण" वाली कहावत चरितार्थ होगी और भारत को स्वस्थ विचारशील एवं प्रगतिशील विचारधारा वाला देश बनाने की कोशिश सच्चे अर्थों में सार्थक हो पाएगी। अतः पत्र–पत्रिकाओं को केवल पढ़े नहीं, उनके विचारों को अपने व्यवहार में उतारें।

कारूलाल जमड़ा

साभार– दैनिक भास्कर, 8-3-1998

आरोपी परीक्षण : उद्देश्य एवं प्रश्नों की रचना

पुरुषोत्तम विष्णु नामजोशी

अभी कुछ दिन पूर्व ही एक माननीय न्यायाधिपति महोदय ने मुझे बुलाया व पूछा कि धारा 313 द.प्र.स. के अंतर्गत आरोपी परीक्षण हेतु प्रश्न किस प्रकार तैयार होते हैं। मैंने अपनी समझ व क्षमता के आधार पर विचार अभिव्यक्त किए तो उन्होंने पूछा कि एफ.एस.एल. रिपोर्ट (फोरेन्सिक साइन्स लेबोरेटरी रिपोर्ट) पर से यदि यह पूछा जावे कि "प्रादर्श पी 1 एफ.एस.एल. रिपोर्ट है तुम्हारा क्या कहना है?" तो क्या प्रश्न सही रूप से निर्मित होना माना जावेगा? मैं क्या उत्तर दे सकता था। मौनम् सर्वस्य साधनम् के रूप में मौन धारण कर लिया तो माननीय न्यायाधिपति महोदय ने पुनः प्रश्न पूछा कि यह बताओ कि किसी आहत व्यक्ति के शरीर पर 25 उपहतियाँ कारित हुई हैं तो उस संबंध में 25 प्रश्न तैयार करोगे या एक प्रश्न पर्याप्त है अथवा पच्चीसों उपहतियों का विवरण एक ही प्रश्न में पुनः दोहराओगे? मैं मौन धारण किये खड़ा ही था कि उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारीगणों को इस विषय पर प्रशिक्षण के माध्यम से एवं पत्रिका के माध्यम से मार्गदर्शन होना चाहिए।

एक प्रकरण में एक पीठासीन अधिकारी ने 25 उपहतियों का विवरण एक प्रश्न में तैयार कर दिया था तो कुछ ने प्रत्येक उपहति का विवरण देते प्रश्न पूछे थे। एफ. एस.एल. रिपोर्ट पर से केवल यह प्रश्न बनाया गया था कि प्रदर्श पी.–1 एफ.एस.एल. रिपोर्ट है तुम्हारा क्या कहना है? ऐसे ही कई प्रश्न बनाए जा सकते हैं। जैसा प्रदर्श पी.–1 द्वारा घड़ी जप्त हुई थी। प्रदर्श पी.–2 घटना स्थल का नक्शा है। प्रदर्श पी. –3 द्वारा लाठी जप्त हुई थी। प्रदर्श पी.–4 आरोपी का मेमोरेन्डम कथन है। प्रदर्श पी.–5 द्वारा आरोपी से सायंकाल जप्त हुई थी। प्रदर्श पी.–6 डाक्टरी रिपोर्ट है जिसके अनुसार परिवादी को क्या उपहति हुई थी, दर्शाया गया है। प्रदर्श पी–7 मृतक रामलाल का मृत्यु कालिक कथन है। लेकिन ऐसे प्रश्न तैयार करके आरोपी को पूछने से आरोपी को कोई भी बोध नहीं हो पाएगा। किसी विलेख में क्या है व उसका विवरण क्या है यह सारगर्भित तत्व होता है जिस संबंध में चिंतन करके आरोपी से उस विषय पर तथ्यात्मक जानकारी लेना होती है। यहाँ यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि आरोपी परीक्षण हेतु जो प्रश्नावली तैयार की जाती है उसका उद्देश्य प्रकरण में उसके विरुद्ध आई हुई प्रगट होने वाली, उपस्थित, उपलब्ध दिखाई देने वाली एवं प्रतीत होने वाली समस्त परिस्थितियों के संबंध में जो साक्ष्य में आई है के विषय में उससे स्पष्टीकरण लेना होता है। अतः प्रकरण में आई हुई समस्त मौखिक व लेखी साक्ष्य के आधार से प्रश्नावली तैयार की जानी होती है अर्थात् कहने का तात्पर्य यह है कि अभियोजन

साक्षियों के मुख्य परीक्षण प्रतिपरीक्षण में आई हुई ऊपर उल्लेखित परिस्थितियाँ लेखी साक्ष्य से जो सिद्ध की है, उसमें आई हुई परिस्थितियों के आधार से प्रश्न तैयार करना ही है अपितु आरोपी की ओर से प्रतिरक्षा में प्रस्तुत मौखिक साक्ष्य (परीक्षण प्रतिपरीक्षण) एवं लेखी साक्ष्य के आधार से प्रश्न पूछे जाना है। इस बात को अच्छे से स्मरण कर लेना है। ऐसा नहीं करने पर न्यायालय द्वारा गुणात्मक आधार से भूल होना संभव है।

आरोपी परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि आरोपी को इस बात का विवरण दिया जावे कि उसके विरुद्ध क्या क्या तथ्य–तत्व रेकार्ड पर उपलब्ध है तथा उसका वह क्या स्पष्टीकरण देना चाहता है व उसे किन–किन आरोपों से अपनी प्रतिरक्षा करना है। इस प्रकार से आरोपी से न्यायालय प्रश्नोत्तर द्वारा स्पष्टीकरण प्राप्त करता है। उसकी यह इच्छा है कि प्रश्न का वह उत्तर दे या न दे अथवा उत्तर के साथ स्पष्टीकरण दे या मौन धारण कर ले। यदि उत्तर देना है तो उत्तर लिखे। उत्तर के साथ स्पष्टीकरण देता है तो स्पष्टीकरण लिखे। मौन धारण करता है तो वैसा लिखे। उत्तर नहीं देना चाहता तो उस रूप से लिखे। लेकिन प्रश्नों के उत्तरों के स्थान को रिक्त न छोड़ें। स्मरण रहे आरोपी के परीक्षण में संयुक्त अथवा पूर्व कल्पित विचारों के आधार से भी प्रश्न नहीं पूछे जाना है, जैसे तुम कितने बजे घटना स्थल पर गये थे? ऐसे प्रश्न में ये पूर्व कल्पित हो गया कि आरोपी घटनास्थल पर गया था। इसका उत्तर यदि आरोपी यह दे कि पता नहीं। तो अर्थ का अनर्थ हो गया कि न्यायालय अपने निर्णय के चिन्तन में यह मान बैठेगी कि आरोपी मौके पर, घटनास्थल पर तो गया था उसे समय मात्र मालूम नहीं है जबकि वास्तविकता यह है कि उसे इस विषय में पूछा नहीं गया। इसलिये उक्त प्रश्न को दो भागों में विभक्त करना होगा। प्रथम प्रश्न होगा कि तुम घटना स्थल पर गये थे क्या? दूसरा प्रश्न होगा यदि तुम घटना स्थल पर गये थे तो कितने बजे गये थे? एक ही प्रश्न में कई प्रश्न सम्मिलित नहीं होना चाहिए। एक प्रश्न एक उत्तर के आधार से प्रश्नावली को तैयार करना चाहिए। वास्तव में आरोपी परीक्षण संबंधी प्रक्रिया कोई औपचारिकता नहीं है कि कुछ एक प्रश्न जैसे तैसे बना लो व उत्तर हाँ, ना या मालूम नहीं अथवा क्या पता जैसे लिख लो। न्यायदान का यह एक अभिन्न अंग है क्योंकि हम आप आरोपी को अपराधी पाते दंडित करते हैं उसे अर्थ दंड या जेल की सजा देते हैं। अतः उसका यह अधिकार है कि उसे यह बताया जावे कि उसके विरुद्ध प्रकरण में क्या बातें दृष्टिगोचर हो रही है, प्रगट हो रही है ताकि वह उसका स्पष्टीकरण दे सके। यह बात एकदम आसानी से समझ में आ जाएगी यदि कल्पना करो कि हम आप के विरुद्ध किन्ही आरोपों के आधार से कदाचरण विषयक विभागीय जाँच चल रही है तब अपचारी परीक्षण हेतु प्रश्नावली

तैयार होगी तब आपकी अपेक्षाएं क्या होगी? यही तो होगी कि सभी तथ्य हमें बताए जावे ताकि हम उसका उत्तर दे सकें। स्पष्टीकरण दे सके एवं सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस जाँच के संबंध में हमारा पक्ष क्या है यह स्पष्ट रूप से बता सकें।

व जाँच चलती है तो हम अपने मिलने जुलने वालों को भी तो बार–बार स्पष्टीकरण देते रहते हैं कि "वास्तविकता" क्या है? यदि ये सब सही है तो अपराधिक प्रकरणों में भी आरोपी परीक्षण हेतु तैयार किये जाने वाले प्रश्नों में कोताही क्यों होना चाहिये। हमारे व आरोपी के बीच अंतर केवल यह है कि अपराधिक प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध जाँच हो रही है तो विभागीय प्रकरण में हमारी जाँच हो रही है। लेकिन वैचारिक मापदंड तो दोनों ही स्थितियों में एक ही है। अतः उक्त कार्य इस भावना से होना है कि सब के साथ न्याय होना है। ***शिवाजी साहेबराव वि. स्टेट 1973 (2) सु.को. के. 793*** में विशिष्ट शब्दों में इस संबंध में न्यायालय के कर्त्तव्य का उल्लेख किया है। प्रकरण में कई साक्षी परीक्षित होते हैं लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक साक्षी के द्वारा किए गए कथनों के आधार से प्रत्येक बार प्रश्न पूछा जावे। यदि ऐसा होने लगे तो एक मुद्दे पर 10 बार प्रश्न बनेगा। जैसे सभी दसों साक्षी कहते हैं कि रामलाल को श्यामलाल ने मारा। इसका अर्थ यह नहीं कि हम प्रत्येक साक्षी का नाम लिखकर प्रत्येक बार यह प्रश्न लिखे कि अभियोगी साक्षी क्रमांक अमुक का कहना है कि तुमने रामलाल को उपहति कारित की थी, तुम्हें क्या कहना है? इस ***संबंध में बक्षिस सिंह विरुद्ध राज्य ए.आय.आर. 1967 सर्वोच्च न्यायालय पृष्ठ 752*** की ओर ध्यान आकृष्ट कर सकते हैं उसमें कहा है कि : Under Section 342 (Old) and 313 (new) Cr. P.C. questions are put to accused to enable him to explain any circumstances apperaring in evidence against him. Under that section, each separate piece of evidence in support of circumstance need not be put to him and he need not to be questioned in respect of it.

एक बात महत्वपूर्ण है जिसका स्मरण रखा जाना चाहिये। यदि अभियुक्त के विरुद्ध कोई बात आती है व उससे संबंधित विषय पर उसे आरोपी परीक्षण में प्रश्न नहीं पूछा गया है तो ऐसे विषय या तत्व को अभियुक्त के विरुद्ध निर्णय में उपयोग में नहीं लिया जा सकता है। ऐसा ***हरिजन मेधा जेष्टा विरुद्ध राज्य ए.आय.आर. 1979 सुप्रीम कोर्ट 1566*** में बताया गया है। एक अन्य दृष्टांत ***ए.आय.आर. 1976 सु.को.*** पेज 2140 में कहा गया है कि सारवान तथ्य जो आरोपी के विरुद्ध प्रकट हुए थे एवं उस संबंध में प्रश्न पूछकर स्पष्टीकरण नहीं लिया गया था तो गंभीर प्रकार की त्रुटि मानी गई थी। यथा Ss. 342 537 (old Cr. P.C.) = 313, 464-465 (new Cr.P.C.) Duty of the court was explained in this manner :-

If material circumstances appearing against accused not put up to him.

Serious irregularity is caused serious irregularity. If material witnesses not produced prejudice is caused to the accused. Trial held to be vitiated. Cr. App. No. 72 of 1970 Dt/ 15-21971 (Delhi), was reversed.

यह बात अलग है कि कभी कभार प्रश्न पूछने में ऐसी त्रूटि हो जाती है जो सारवान प्रकृति की न हो तथा अभियुक्त के लिए पूर्वाग्रह कारित करने योग्य न हो तो वरिष्ठ न्यायालय उस दृष्टिकोण से ऐसे तथ्य को देखता है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि हमें भूल करने की छूट ऐसे प्रसंगों के कारण मिलती है यथा ***लाभचंद विरूद्ध राज्य ए.आय.आर.1975 सुप्रीम कोर्ट 182*** में कहा गया है कि

Where the appellant accused was fully aware of the nature of the allegations made against him and in addition ot giving a detailed explanation, he had also filed an elaborate written statement and had not raised any objection either in trial court or appellate court as to non compliance of Section 342 (old). Criminal P.C. held that though the general form of question put to accused does not strictly comply with Section 342 he has not suffered any injustice and his conviction is not vitialted.

इस प्रकार उपरोक्त दृष्टांत से यह ज्ञात होगा कि ऐसी विशिष्ट परिस्थितियाँ थी जिस कारण सर्वोच्च न्यायालय ने विचारण न्यायालय की भूल आरोपी को पूर्वाग्रहयुक्त होना नहीं माना। ऐसी भूल कब क्षम्य है कब नहीं यह तो हमेशा हम आपके लिए अनिश्चितता का विषय होगा क्योंकि इस संबंध में निर्णय लेने का अधिकार वरिष्ठ न्यायालय को होगा प्रारंभिक न्यायालय को नहीं।

एक प्रश्न यह उपस्थित हो सकता है कि धारा 311 अथवा धारा 391 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत अतिरिक्त साक्ष्य लिपिबद्ध करने के पश्चात् क्या आरोपी परीक्षण पुनः लिपिबद्ध किया जाना है। धारा 311 के अंतर्गत अतिरिक्त साक्ष्य आरोपी कथन (परीक्षण) पश्चात् होती हैं तब एवं धारा 391 के अंतर्गत अपील न्यायालय द्वारा लिपिबद्ध साक्ष्य पश्चात् आरोपी परीक्षण तब आवश्यक होगा जब उसके विरूद्ध ऐसी साक्ष्य आई हो जिस कारण उक्त परिस्थितियां का स्पष्टीकरण मांगा जाना आवश्यक है। न्याय दृष्टांतों में मत भिन्नता अवश्य है लेकिन वस्तुस्थिति यहीं है कि आरोपी परीक्षण आवश्यक है। धारा 391 (4) में स्पष्ट शब्दों में प्रावधान है कि धारा 391 के अतंर्गत साक्ष्य पाठ 23 (धारा 272 से 299) के अंतर्गत जाँच के रूप में ही है। अतः स्वाभाविक रूप से सामान्य रूप से भी जाँच प्रारंभिक न्यायालय (ट्रायल) में इसी पाठ के अंतर्गत लिपिबद्ध करता है। आरोपी परीक्षण भी इसी पाठ की धारा 281 के अंतर्गत रिकार्ड किया जाना भी दर्शाया है। इस संबंध में कुछ दृष्टांत बताए जा सकते हैं। यथा ***मौजिया रत्ना भील विरूद्ध राज्य ए.आय.आर. 1961 (म.प्र.) 10 बिहारी का प्रकरण ए.आय. आर. 1954 सु.को. 692, इस्माईल विरूद्ध एम्परर का प्रकरण ए.आय.आर 1926***

लाहौर 683, चेयरमेन का प्रकरण ए.आय.आर. 1933 कलकता 347 रूसी बिस्वास का केस ए.आय.आर. 1954 ओरिसा 65 (66)। यह ध्यान रखने योग्य बात है कि अपील कार्यवाही भी ट्रायल कार्यवाही का ही अवरित अंग है, सतत प्रक्रिया है, निरंतर प्रक्रिया है। अतः संक्षिप्त में कहा जा सकता है कि आरोपी परीक्षण तब तब कर ही लेना चाहिए जब जब प्रतिरक्षा में साक्ष्य आई हो अथवा अतिरिक्त साक्ष्य किसी भी स्टेज पर आई हो तथा आरोपी विरूद्ध परिस्थितियाँ अस्तित्व में होना प्रतीत होती है। ऐसा इसलिए कि आरोपी को सुनवाई का अवसर दिए बिना उसके विरूद्ध निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते। इस सम्बन्ध में यह न्याय दृष्टांत देखने योग्य है

Rameshwar Dayal Vs. State, A.I.R. 1978 SC 1958 (Section 540 old section 311 New)

The right to adduce evidence in rebatal is one of the inevitabel steps in the defence of a case by the accused and the refusal of the same amounts not only to an infracation of the provisions of the Cr. P.C. but also to the principles of natural justice and offends the famous maxim 'Audi Alterum Paten'.

स्मरण रहे द.प्र.सं. के पाठ 8 (परिशांति कायम रखने के लिए और सदाचार के लिए प्रतिभूति) एवं अध्याय 9 (पत्नी, संतान और माता–पिता के भरण–पोषण के लिए आदेश) के लिए धारा 313 दं.प्र.सं. के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। जैसे ***ए. आय. आर. 1959 कलकत्ता 454 (सेऊं कुम्हार विरूद्ध मोंगरू) ए.आय.आर. 1958 कलकत्ता 140 (कार्तिक चंद्र विरूद्ध पन्नालाल) इब्राहिम विरूद्ध एम्परर, ए.आय.आर. 1933 सिंध 49 रंगलाल महतो विरूद्ध स्टेट 1978 बी.एल.ओ.।***

एक प्रश्न यह पूछा जाता रहा है कि आरोप विवरण आरोपी को सुनाए समझाए जाने के पश्चात् यदि आरोपी बाद में कभी आरोप स्वीकार करता है तो क्या करना चाहिए। इस संबंध में सकारात्मक दृष्टि से उत्तर दिया जा सकता है (देखे "जोति जर्नल खंड–3 भाग–4 दिसंबर 1997 पृष्ठ 40") यहाँ यह बताना है कि ऐसी परिस्थिति में आने पर आरोपी के आवेदन पत्र के आधार से जब वह पुनः आरोप स्वीकार करना चाहता है तो उस स्टेज पर भी आरोपी परीक्षण कर लेना चाहिए तथा उपलब्ध समस्त सामग्री एवं अभियुक्त के द्वारा प्रस्तुत आरोप स्वीकारोक्ति के आवेदन पत्र के आधार से भी अभियुक्त परीक्षण कर लेना चाहिए जिससे उसकी स्वेच्छिक स्वप्रेरणायुक्त स्वीकृति रेकार्ड पर आ जाएगी। इस प्रकार आरोपी परीक्षण किसी भी स्टेज पर किया जा सकेगा। इस संबंध में स्पष्ट प्रावधान है।

कुछ औपचरिकताऐं आरोपी परीक्षण में होती है उनका पालन भी होना चाहिए। आरोपी कथन अथवा परीक्षण शपथ पर नहीं होता है अतः आरोपी को शपथ पर कथन

करने को नहीं कहना है। अभियुक्त को यह भी बताया जाना आवश्यक है कि वह प्रश्नों के उत्तर न देने हेतु स्वतंत्र है। उसकी इच्छा है कि उसके विरूद्ध प्रकरण में आए तत्वों का वह स्पष्टीकरण दे अथवा न दें। प्रत्यके अभियुक्त का पृथक परीक्षण होगा। पीठासीन अधिकारी स्वयं ही उसका परीक्षण करेगा। प्रत्येक पृष्ठ पर पीठासीन अधिकारी एवं अभियुक्त के हस्ताक्षर या अंगुष्ठ चिन्ह जैसी भी स्थिति हो अंकित होंगे। एवं प्रमाण पत्र अंकित किया जायेगा कि आरोपी कथन का पूर्ण एवं सही विवरण अंकित है। देखें धारा 281 (5) (दं.प्र.सं.) त्वरित संदर्भ के लिए धारा 281, 313 एवं 314 द. प्र. सं. के प्रावधान भी यही प्रकाशित किए जा रहे हैं जिससे इस संबंध में विधि प्रक्रिया समझने में सुविधा होगी। म.प्र. अपराधिक आदेश एवं नियम के नियम 161 से 168 तक के प्रावधानों को भी कृपया एक साथ पढ़ लें जिससे यह विषय पूर्ण से तैयार हो जाएगा। स्मरण रहे कि आरोपी द्वारा प्रस्तुत लेखी कथन चाहे वह द.प्र.सं. की धारा 314 के अंतर्गत हो अथवा धारा 243(1) या धारा 247 या धारा 254 अथवा धारा 233(2) के अंतर्गत वे आरोपी परीक्षण का स्थान नहीं ले सकते। अतः विचारण न्यायालय के स्तर पर चिंतन केवल यह होना चाहिए कि आरोपी परीक्षण हेतु प्रश्नावली तैयार कर प्रश्न पूछे जाना ही है। यह बात भिन्न है कि यदि उपलब्ध लेखी एवं मौखिक साक्ष्य से कोई तथ्य अभियुक्त के विरूद्ध आया ही नहीं है तो कोई प्रश्न बनेगा ही नहीं। प्रश्न तो तब बनेंगे जब कोई तथ्य आरोपी के विरूद्ध आए हों। जो प्रश्न पूछे जाना है वे पृथक–पृथक हों तथा बोधगम्य व सारवान हों। न्यायालय ने आरोपी का ध्यान प्रश्नों के माध्यम से उन तथ्यों की ओर आकृष्ट करना चाहिये जो न्यायालय की दृष्टि में मर्म युक्त हो तथा आरोपी का किसी तथ्य के संबंध में स्पष्टीकरण अपेक्षित है। ***द्वारकानाथ विरूद्ध एम्परर ए.आय.आर. 1934 प्रिव्ही काउंसिल पेज 130 दृष्टव्य है।***

एक बात बहुत स्पष्ट रूप से जान लेना है कि प्रत्येक आरोपी के लिए एक एक प्रश्नावली हो व प्रत्येक अभियुक्त को पृथक–पृथक रूप से प्रश्न पूछे जाना है व एक एक प्रश्नावली पूर्ण करना है। सहज संभव हैं कि जो प्रश्नावली तैयार होगी वह सभी के लिए समान रूप से लागू होगी अतः प्रत्येक के लिए भिन्न प्रकार की प्रश्नावलियाँ तैयार करने की आवश्यकता नहीं होगी।

समन्स केस व वारन्ट केसेस में भी आरोपी कथन (परीक्षण) होता है। लेकिन जहाँ आरोपी को उपस्थिति से छूट दे गई है वहाँ पर आरोपी कथन की आवश्यकता नहीं है। लेकिन यह सिद्धांत वारन्ट ट्रायल से भिन्न ट्रायल्स के लिए मात्र लागू होगा। अर्थात् समन्स केसेस हेतु। वारंट ट्रायल हेतु ऐसी छूट नहीं है। एक प्रकरण ***चंदूलाल चन्द्राकर (ए.आय.आर. 1989 सु.को. 2163 : 1989 सी.आर.एल. जे. 296)*** का बार–बार

संदर्भ दे कर यह बताया जाता रहा है कि वारंट प्रकरणों में भी ऐसी छूट दी जा सकती है। लेकिन ऐसे विचार को सही न मानें। उक्त दृष्टांत से ज्ञात होगा कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह छूट आरोपी के इस घोषणा के कारण दी थी कि उसे आरोपी के कथन (परीक्षण) के संबंध में कोई उत्तर नहीं देना है ऐसा मान लिया जावे तथा यह भी घोषित किया कि आरोपी परीक्षण न होने के तथ्य को गुण–दोष के आधार से वह भविष्य में चुनौती नहीं देगा। अतः आरोपी कथन (परीक्षण) किया ही जाना है। एक प्रश्न यह भी पूछा जाता है कि चंदूलाल चंद्राकर के प्रकरण जैसी स्थिति नहीं आती है एवं अभियुक्त मृत्यु शैय्या पर है या आरोपी न्यायालय आने में किसी भी स्थिति में असमर्थ है व प्रकरण वारन्ट केस का है तो कितने दिन तक प्रकरण लंबित रह सकता है। इस संबंध में कोई न्यायादृष्टांत तो नहीं मिला है आपको मिल जाए तो सूचित कर देना ताकि प्रकाशित किया जा सकेगा। लेकिन तार्किक रूप से तो विचार किया जा सकता है। जैसे 167(2) परन्तुक (ख) द.प्र.स. में कहा गया है कि कोई भी दंडाधिकारी इस धारा के अधीन किसी अभिरक्षा में निरोध तब तक प्राधिकृत नहीं करेगा जब तक अभियुक्त उसके समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है। अर्थात् आरोपी की उपस्थिति अनिवार्य है लेकिन हम रोजाना ही अभिरक्षा में निरोध को अधिकृत करते हैं यदि अभियुक्त कारागार में प्रस्तुत नहीं होता है अथवा अस्पताल से प्रस्तुत नहीं होता। ऐसा क्यों होता है। कारण स्पष्ट है कि प्रक्रिया संबंधी विधि अवरोध निर्मित करने हेतु नहीं, कार्य सुगम करने हेतु है। इस संबंध में न्याय दृष्टांत ***श्रीमति नूरजहाँ विरूद्ध विरूद्ध कर्नाटक स्टेट 1993 सी.आर.एल.जे. पेज 102 "जोति" खंड-दो, भाग-तीन, जून 1996*** देखें। उसमें कहा गया है कि :–

The law is not unreasonable and it does not expect an impossible thing to be performed, therfore, the Magistrate ought to have passed an order continuing accused in judicial custody. ***पालानिप्पा वि. स्टेट ए.आय.आर. 1997 सु.को. 1323*** में कहा गया है कि Legitimacy is not to be confused with propriety and the fact that the court posses a cerain power does not mean that it must always be exercised

1993 सी.आर.जे. पेज 102 के केस में अभियुक्त को निरोध में रखने संबंधी मुद्दा ही था। उक्त दृष्टांत के अनुरूप सादृष्य मूल अथवा समानुमानित सिद्धांत (अनॉलॉजी) से भी पीठासीन अधिकारी आरोपी जहाँ अवस्थित है जाकर आरोपी कथन अपवादात्मक परिस्थिति में क्यों नहीं ले सकता ? चिंतन का विषय है चिंतन की प्रक्रिया चालू रखें। आरोपी को आरोपी परीक्षण में यह अवश्य पूछें कि निर्दिष्ट साक्षी उसके विरूद्ध क्यों बोलते हैं अथवा उसे और कुछ स्पष्टीकरण देना है एवं प्रतिरक्षा में वह साक्ष्य देना चाहता है? यह इसलिए कि धारा 233 (2) धारा 247, धारा 243 (1) अथवा धारा 254

द. प्र. सं. से ज्ञात होगा कि न्यायालय आरोपी को अपनी प्रतिरक्षा करने हेतु आहुत करेगा। एक तर्क यह दिया जाता है कि ऐसा आवश्यक नहीं है। किंतु इसका उत्तर केवल यह है कि ऐसा अनुचित भी नहीं है अपितु औचित्यपूर्ण है जिस कारण आरोपी अपनी बातें स्पष्ट रूप से कह सकेगा। ऐसा करने का उद्देश्य ही यह है कि आरोपी को अपनी प्रतिरक्षा करने का समुचित अवसर मिल सके। हम आप विधि को जानते होंगे लेकिन अभियुक्त की अनभिज्ञता की भी तो उपेक्षा नहीं हो सकती है।

विषय वस्तु से संबंधित सामान्य विवरण मात्र यहाँ दिया है, सूक्ष्मतापूर्ण विवरण नहीं। अब हम व्यवहारिक धरातल पर यह देखेंगे कि आरोपी कथन (परीक्षण) किस प्रकार किया जा सकता है। प्रथमतः एक उदाहरण दिया जा रहा है उस आधार से प्रश्नावली तैयार की जा रही है व पश्चात् नित्यक्रम अथवा नित्यचर्चा में निर्मित होने वाले विभिन्न प्रश्नों को भी बनाकर दर्शाया जा रहा है। स्मरण रहे कि यह अंतिम सत्य नहीं है एक पद्धति मात्र है। हर कोई अपनी ओर से नई पद्धति को प्रवर्तित कर सकता है, सृजित कर सकता है लेकिन मुख्य मुद्दा यही शेष रहेगा कि आरोपी से उन सभी तथ्यों पर पृथक–पृथक प्रश्न तैयार करके प्रश्न पूछना है जो तथ्य उसके विरूद्ध प्रकरण में प्रारंभ से अंत के बीच आए है। उदाहरण :–

आरोपी परीक्षण हेतु प्रश्न का प्रारूप

घटना दिनांक 01–01–1997 की शाम 6 बजे नेहरू पार्क इन्दौर की है। आरक्षी केन्द्र से घटनास्थल 2 कि. मी. क्षेत्र में है। परिवादी रामलाल बगीचे में टहल रहा था। उसके साथ हीरालाल भी टहल रहा था। सामने से पन्नालाल आया और कहने लगा कि कल तू मेरे यहाँ क्यों आया और गालियाँ दी थी अब मैं तुम्हें देखूंगा। ऐसा कहकर रामलाल को पन्नालाल ने दो थप्पड़ मारे एवं उसक हाथ में जो डंडा था उससे दो डंडे भी पीठ पर मारे। चाटें गाल पर मारे। हीरालाल ने घटना देखी व डर के मारे भाग गया।

आरक्षी केन्द्र कोतवाली पर 6.30 बजे जाकर रिपोर्ट की थी जो प्रदर्श पी. 1 है। पुलिस ने प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। उभयपक्षों की साक्ष्य रिपोर्ट हुई वह इस प्रकार है।

अभियोजन साक्षी क्रमांक-1 रामलाल :- प्रथम सूचना रिपोर्ट पी.1 सिद्ध की है व साक्ष्य भी उसी अनुरूप दी है। प्रतिपरीक्ष्ण में वह कहता है कि हीरालाल को भी मारने हेतु हाथ उठाया था यह बात पुलिस को बता दी थी लेकिन पुलिस कथन डी–1 से क्यों नहीं है, पता नहीं।

अभियोजन साक्षी क्रमांक-2 हीरालाल :- उसने कहा है कि घटना उसके सामने नहीं हुई। वह तो रामलाल के साथ चहल कदमी अवश्य कर रहा था लेकिन उसके सामने मारपीट नहीं हुई उसका यह कहना है कि मारपीट की बात रामलाल ने उसके घर आकर रात 8 बजे बताई थी। आगे यह भी कहा है कि प्रदर्श डी–2 में उसने अपने कथन में यह नहीं बताया था कि उसने घटना देखी है। उसका यह भी कहना है कि न्यायालय में बताई जाने वाली समस्त बातें पुलिस को बताई थी लेकिन पुलिस ने ये सब बातें क्यों नहीं लिखी उसे पता नहीं है।

अभियोजन साक्षी क्रमांक-3 डॉ. शर्मा :- डॉ. शर्मा ने अपने कथन में कहा है कि उसने रामलाल का परीक्षण किया था तो रीढ़ की हड्डी का अस्थिभंग पाया था व गालों पर लालिमा थी। परीक्षण 7 बजे किया था। प्रदर्श पी–2 है। प्रतिपरीक्षण में डॉ. शर्मा ने कहा है कि गिरने से पीठ की रीढ़ की हड्डी टूट सकती है तथा गालों पर स्वयं ऐसी चोट पहुँचाई जा सकती है। डंडे से पीठ पर चोट आ सकती है।

अभियोजन साक्षी क्रमांक 4 धन्नालाल :- उसका कहना है कि प्रदर्श पी.3 द्वारा आरोपी पन्नालाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ए से ए धन्नालाल के व बी से बी उसके हस्ताक्षर है। पी–2 का मेडिकल परीक्षण हेतु मांग पत्र डाक्टर को भेजा था।

अभियोजन साक्षी क्रमांक 5 रामसिंह नगर निरीक्षक :- उसका कहना है कि प्रदर्श पी.1 की रिपोर्ट रामलाल ने लिखाई थी अ से अ रामलाल के व ब से ब उसके हस्ताक्षर हैं। डी-1 व डी-2 के कथन साक्षीगणों ने कहे अनुसार लिखे थे। पी-3 के द्वारा आरोपी को उसने धन्नालाल के सामने गिरफ्तार किया था। ए से ए धन्नालाल के व बी से बी उसके हस्ताक्षर हैं। पी-2 का मेडिकल परीक्षण हेतु मांग पत्र डाक्टर को भेजा था।

आरोपी परीक्षण

आरोपी क्रमांक .....

नाम आरोपी..... आत्मज.....

आयु ..... न्यायालय द्वारा अनुमानित आयु.....

व्यवसाय ..... निवास स्थान .....

निम्न तथ्य तुम्हारे विरूद्ध आते हैं प्रत्येक प्रश्न पर तुम्हारा क्या कहना है।

प्रश्न क्र. 1 : घटना 01–01–97 की संध्या 7 बजे नेहरू पार्क इन्दौर की है तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर

प्रश्न क्र. 2 : अभियोजन साक्षी (अ. सा.) रामलाल एवं अ.सा. 2 हीरालाल बगीचे में घूम रहे थे। तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 3 : बगीचे में तुम पन्नालाल उस समय आए जब साक्षी अ. सा. 1 रामलाल एवं अ. सा. 2 हीरालाल घूम रहे थे। तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 4 : तुम्हारे हाथ में डंडा था। तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 5 : तुमने रामलाल को कहा था कि तुम उसके यहाँ कल क्यों आए थे एवं गालियाँ दी थी तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 6 : तुमने रामलाल को यह भी कहा था कि वह देख लेगा तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 7 : तुमने रामलाल को थप्पड़ मारे थे वह डंडे से भी मारा था तो रामलाल को उपहति कैरित हुई थी तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 8 : अ. सा. 1 रामलाल का कहना है कि हीरालाल अ.सा-2 ने घटना घटित होते घटनास्थल पर देखा था। तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 9 : अ. सा. 1 रामलाल एवं अ.सा. 5 रामसिंह अनुसंधानकर्ता अधिकारी नगर निरीक्षक ने प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रदर्श पी.–1 तुम्हारे विरूद्ध पंजीकृत करवाई थी। तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 10 :अ. सा. 2 डॉ. शर्मा का कहना है कि रामलाल अ.सा. 1 ने उसके घर संध्या 8 बजे आकर बताया था कि उसके साथ तुमने मारपीट की थी तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 11 :अ.सा. 2 डॉ. शर्मा द्वारा किए गए रामलाल के चिकित्सीय परीक्षण से पाया था कि रामलाल की पीठ की हड्डी टूटी थी व गालों पर लालिमा थी। तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 12 :अ.सा. 2 डॉ. शर्मा द्वारा किए गये रामलाल के चिकित्सीय परीक्षण का प्रतिवेदन प्रदर्श पी. 2 है। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 13 :अ.सा. 4 धन्नालाल एवं अ.सा.5 रामसिंह नगर निरीक्षक अनुसंधान अधिकारी का कहना है कि तुम्हें पुलिस ने प्रदर्श पी.3 का पंचनामा बनाकर गिरफ्तार किया था तुम्हें क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 14 :अ.सा. 5 रामसिंह नगर निरीक्षक एवं अनुसंधान अधिकारी का कहना है कि प्रदर्श पी.2 का रामलाल का चिकित्सीय परीक्षण मांग पत्र डॉक्टर को भेजा था तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 15 :अ.सा. 1 रामलाल अ.सा. 2 हीरालाल तुम्हारे विरूद्ध क्यों बोलते हैं ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 16 :अ.सा. 3 डॉ. शर्मा अ.सा. 4 धन्नालाल, अ.सा.5 नगर निरीक्षक एवं अनुसंधान अधिकारी रामसिंह तुम्हारे विरूद्ध यदि बोलते हैं तो क्यों बोलते हैं ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 17 :प्रतिरक्षा में तुम्हें साक्ष्य देना है ?

उत्तर :

अन्य प्रकार के संभाव्य प्रश्न

प्रश्न क्र. 1 :परिवादी रामलाल अ.सा. 1 के शरीर पर धारदार एवं बोथरे आयुध से 10 उपहतियाँ आई थी तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 2 :एफ.एल.रिपोर्ट प्रदर्श पी. 3 के अनुसार आयुध चाकू (वस्तु–सी) तथा लाठी (वस्तु–डी) पर मनुष्य रक्त के दाग थे। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 3 : परिवादी रामलाल अ.सा. 1 का चिकित्सीय परीक्षण डॉ. शर्मा अ.सा. 2 ने किया था एवं अपना प्रतिवेदन प्रदर्श पी.2 का दिया था तुम्हारा क्या कहना है ?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 4 : एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्रदर्श पी. 3 है जिसके अनुसार परिवादी की चड्डी (वस्तु अ), बनियान (वस्तु ब) पर मनुष्य रक्त के दाग थे तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 5 : एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्रदर्श पी. 3 के अनुसार आयुध चाकू (वस्तु–सी) तथा लाठी (वस्तु–डी) पर मनुष्य रक्त के दाग थे। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 6 :एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्रदर्श पी–4 है। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 7 : प्रदर्श पी.5 द्वारा एफ.एस.एल. विभाग ने प्रदर्श पी–4 में उल्लेखित वस्तुऐं (ए,बी,सी,डी) सिरॉलॉजिस्ट विभाग को जाँच हेतु भेजी थी। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 8 : प्रदर्श पी–6 सिरॉलॉजिस्ट रिपोर्ट है जिसके अनुसार चड्डी (वस्तु–अ) बनियान (वस्तु–बी) पर रक्त वर्ग ओ के दाग अवस्थित थे। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 9 : प्रदर्श पी–6 सिरॉलॉजिस्ट रिपोर्ट के अनुसार चाकू (वस्तु–सी) एवं लाठी (वस्तु–डी) पर रक्त के दाग विदीर्श (डिस्टइंटिग्रेटेड) हो गए थे। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 10: अ.सा.क्र. 1 रामलाल अ.सा.2 हीरालाल एवं अ.स.10 रामसिंह अनुसंधान अधिकारी का कहना है कि तुम आरोपी पन्नालाल ने निरोधित स्थिति में बताया था कि तुमने चाकू को अपने घर के अंदर गेहूं की काठी में छुपा के रखा है, चलकर जप्त करवा देगा। जिस बाबत पंचनामा प्रदर्श पी.10 बनाया गया था। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र. 11 :अ.सा. 1 रामलाल अ.सा.2 हीरालाल एवं अ.सा. 10 रामसिंह अनुसंधान अधिकारी का कहना है कि तुम आरोपी पन्नालाल ने एक चाकू (वस्तु–क) को अपने घर से गेहूं की कोठी में से निकाल कर जप्त करवा दिया जिस पर रक्त के चिन्ह थे। इस संबंध में पंचनामा प्रदर्श पी–11 बनाया गया था। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र.12 : अ.सा. 9 तहसीलदार सिंह, नायब तहसीलदार का कहना है कि उसने रामलाल (मृतक) का मृत्यु कालिक कथन लिपिबद्ध किया था जिसमें उसने कहा था कि (संक्षिप्त हो तो पूर्ण लिखें एवं विस्तारयुक्त हो तो साररूप में लिखें) जो प्रदर्श पी.12 है। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर

प्रश्न क्र.13 : अ. सा. 1 रामलाल का कहना है कि घटना स्थल जहाँ मारपीट हुई थी का नक्शा प्रदर्श पी-13 उसके द्वारा दर्शित विवरण के आधार से अ.सा. -2 हीरालाल पटवारी द्वारा बनाया गया था। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

प्रश्न क्र.14 : अ. सा. 2 हीरालाल पटवारी का कहना है कि घटना स्थल जहाँ मारपीट होना कहा जाता है, का प्रदर्श पी. 13 का नक्शा उसने अ.सा. 1 रामलाल द्वारा दर्शित विवरण के आधार से बनाया था। तुम्हारा क्या कहना है?

उत्तर :

धारा 281 - अभियुक्त की परीक्षा का अभिलेख :-

(1) जब कभी अभियुक्त की परीक्षा किसी महानगर मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है तो वह मजिस्ट्रेट अभियुक्त की परीक्षा के सारांश का ज्ञापन न्यायालय की भाषा में तैयार करेगा और ऐसे ज्ञापन पर मजिस्ट्रेट हस्ताक्षर करेगा और वह अभिलेख का भाग होगा।

(2) जब कभी अभियुक्त की परीक्षा महानगर मजिस्ट्रेट से भिन्न किसी मजिस्ट्रेट या सेशन न्यायालय द्वारा किया जाती है तब उससे पूछे गए प्रत्येक प्रश्न और उसके द्वारा दिए गए प्रत्येक उत्तर सहित ऐसी सब परीक्षा स्वयं पीठासीन न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट द्वारा या जहां वह किसी शारीरिक या अन्य असमर्थता के कारण ऐसा करने में असमर्थ है, वहां उसके द्वारा इस निमित्त नियुक्त न्यायालय के किसी अधिकारी द्वारा उसके निदेशन और अधीक्षण में पूरे तौर पर अभिलिखित की जायेगी।

(3) अभिलेख, यदि साध्य हो तो, उस भाषा में होगा जिसमें अभियुक्त की परीक्षा की जाती है या यदि वह साध्य न हो तो न्यायालय की भाषा में होगा।

(4) अभिलेख अभियुक्त को दिखा दिया जाएगा या उसे पढ़कर सुना दिया जायेगा या यदि वह उस भाषा को नहीं समझता है जिसमें यह लिखा गया है तो उसका भाषान्तर उसे उस भाषा में, जिसे वह समझता है, सुनाया जायेगा और वह अपने उत्तरों का स्पष्टीकरण करने या उनमें कोई बात जोड़ने के लिए स्वतन्त्र होगा।

(5) तब उस पर अभियुक्त और मजिस्ट्रेट या पीठासीन न्यायाधीश अपने हस्ताक्षर से प्रमाणित करेगा कि परीक्षा उसकी उपस्थिति में की गई थी और उसने उसे सुना था और अभिलेख में अभियुक्त द्वारा किए गए कथन का पूर्ण और सही वर्णन है।

(6) इस धारा की कोई बात संक्षिप्त विचारण के अनुक्रम में अभियुक्त की परीक्षा को लागू होने वाली न समझी जाएगी।

धारा 313 : अभियुक्त की परीक्षा करने की शक्ति -

(1) प्रत्येक जाँच या विचारण में, इस प्रयोजन से कि अभियुक्त अपने विरूद्ध साक्ष्य में प्रकट होने वाली किन्हीं परिस्थितियों का स्वयं स्पष्टीकरण कर सके, न्यायालय–

(क) किसी प्रक्रम में, अभियुक्त को पहले से चेतावनी दिये बिना, उससे ऐसे प्रश्न कर सकता है जो न्यायालय आवश्यक समझे।

(ख) अभियोजन के साक्षियों की परीक्षा किये जाने के पश्चात् और अभियुक्त से अपनी प्रतिरक्षा करने की अपेक्षा किये जाने के पूर्व उस मामले के बारे में उससे साधारणतया प्रश्न करेगा। परन्तु किसी समन–मामले में, जहाँ न्यायालय ने अभियुक्त को वैयक्तिक हाजिर से अभिमुक्त दे दी है, वहाँ वह खण्ड (ख) के अधीन उसकी परीक्षा से भी अभिमुक्ति दे सकता है।

(2) जब अभियुक्त की उपधारा (1) के अधीन परीक्षा की जाती है तब उसे कोई शपथ न दिलाई जायेगी।

(3) अभियुक्त ऐसे प्रश्नों के उत्तर देने से इन्कार करने से या उनके मिथ्या उत्तर देने से दण्डनीय न हो जायेगा।

(4) अभियुक्त द्वारा दिये गये उत्तरों पर उस जाँच या विचारण किया जा सकता है और किसी अन्य ऐसे अपराध की, जिसका उसके द्वारा किया जाना दर्शाने की उन उत्तरों की प्रवृत्ति हो, किसी अन्य जाँच या विचारण में ऐसे उत्तरों को उसके पक्ष में या उसके विरूद्ध साक्ष्य के तौर पर रखा जा सकता है।

धारा 314 - मौखिक बहस और बहस का ज्ञापन -

(1) कार्यवाही का कोई पक्षकार, अपने साक्ष्य की समाप्ति के पश्चात् यथा–शक्य शीघ्र संक्षिप्त मौखिक बहस कर सकता है और अपनी मौखिक बहस, यदि कोई हो पूरी करने के पूर्व, न्यायालय को एक ज्ञापन दे सकता है जिसमें उसके पक्ष में समर्थन में तर्क संक्षेप में और सुभिन्न शीर्षकों में डाल दिए जाएंगे और सुभिन्न शीर्षकों में दिए जाएंगे, और ऐसा प्रत्येक ज्ञापन अभिलेख का भाग होगा।

(2) ऐसे प्रत्येक ज्ञापन की एक प्रतिलिपि उसी समय विरोधी पक्षकार को दी जाएगी।

(3) कार्यवाही का कोई स्थगन लिखित बहस फाईल करने के प्रयोजन के लिए तब तक नहीं दिया जायगा जब तक न्यायालय ऐसे कारणों से, जो लेखबद्ध किए जाएंगे, ऐसा स्थगन मंजूर करना आवश्यक न समझे।

(4) यदि न्यायालय की यह राय है कि मौखिक बहस संक्षिप्त या सुसंगत नहीं है तो वह ऐसी बहसों को विनियमित कर सकता है।

अपराधिक प्रकरणों में चक्षुदर्शी साक्षी के साक्ष्य का मूल्यांकन

टी.सी. यदु
अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बिलासपुर

"आँखों देखा गवाह" अर्थात चक्षुदर्शी साक्षी वह होता है जिसके दृष्टव्य में अपराध होता है। आहत व्यक्ति तो चक्षुदर्शी साक्षी होते ही हैं साथ ही इनके साथ जब घटना होती तब उसे देखने वाला व्यक्ति भी चक्षुदर्शी होता है।

साक्षियों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का यह अभिमत है कि जब कोई व्यक्ति शपथ पर कुछ कथन करता है तब उसके कथनों पर तब तक अविश्वास नहीं किया जाना चाहिये जब तक कि किन्हीं आयामों में उसे अविश्वास के योग्य होना परिलक्षित न कर दिया जाये।

दण्ड प्रक्रिया संहिता में किसी अपराध के अनुसंधान की विधि एवं प्रक्रिया बताई गई है। जिसके अनुसार अपराधों का अनुसंधान तब से प्रारंभ होता है जब किसी संज्ञेय अपराध की प्रथम सूचना आरक्षी केन्द्र पर पंजीकृत कराई जाती है। उसके बाद अनुसंधान की विभिन्न कड़ियों में पुलिस द्वारा दंण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध करने की स्थिति आती है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में चक्षुदर्शी साक्षियों के लिये यह निर्देश विधायिका द्वारा दिया गया है कि वह पुलिस को जो कुछ देखा है और जानता है उसका सही--सही उत्तर देते हुए कथन करे। इसी निर्देश के कारण आज चक्षुदर्शी साक्षियों के न्यायालयीन कथनों एवं पुलिस के समक्ष किए गए कथनों में आने वाले विरोधाभास एवं विलोप का महत्व बढ़ गया है। आहत व्यक्ति के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्देश है कि उन्हें अपने संबंध में हुई घटना की यथा संभव शीघ्र रिपोर्ट आरक्षी केन्द्र पर पंजीकृत करना चाहिये। उसमें उनके द्वारा विलम्ब किया जाना पर्याप्त स्पष्टीकरण के अभाव में उनके आचरण को संदेह के घेरे में लाता है।

चक्षुदर्शी साक्षीगणों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का यह अभिमत है कि उन्हें पुलिस कार्यवाही होने पर यथा संभव शीघ्र पुलिस के समक्ष आकर अपना कथन दर्ज कराना चाहिये। अनुसधानकर्ता पुलिस अधिकारी के लिये सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्देश है कि उन्हें जैसे ही ज्ञात हो की किसी अपराधिक घटना का कोई चक्षुदर्शी साक्षी है तो उन्हें उनका शीघ्रता से कथन लिपिबद्ध करना चाहिये। इसमें होने वाले विलम्ब

से चक्षुदर्शी साक्षी के कथनों एवं अनुसंधान की विश्वसनीयता पर्याप्त कारण न होने पर संदेह के घेरे में आ जाती है।

अपराधिक मामले के विचारण के समय विचारण न्यायालय के पीठासीन न्यायाधीश को गंभीर न्यायिक दायित्व का निर्वहन करना होता है। न्यायिक कार्यवाही का उद्देश्य "लोक अपराध" के लिये दंड दिया जाना होता है। इसलिये अपराधिक मामले के विचारण को यथेष्ट नियंत्रण के साथ सजगता बरतनी चाहिये। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि या गंभीर भूल करने पर न्यायाधीश की सेवा संबंधी मूल्यांकन एवं विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। न्यायाधीश पर जहां सर्व सामान्यजन की दृष्टि जमी होती है वहीं उन पर वरिष्ठ न्यायाधीशों की सूक्ष्म दृष्टि भी लगी रहती है। इसीलिये न्यायाधीश का संपूर्ण जीवन एवं उसके द्वारा अप[illegible]जा रही न्यायालयीन कार्यवाही व गतिविधि पूर्ण पारदर्शी होनी चाहिये।

आहत व्यक्ति एवं चक्षुदर्शी साक्षियों के कथनों के समय उनके साक्षीगणों के मूल्यांकन के मापदंडों से संबंधित बातों पर न्यायाधीश को विशेष दृष्टि रखते हुये साक्षी का परीक्षण होने देना चाहिये। और अभियोजन या बचाव पक्ष उक्त संबंधों में जहां भी कोई चूक जानबूझकर या अनजाने में जैसे भी करे तो वहां न्यायाधीश को स्वयं साक्षी से प्रश्न कर उसका उत्तर अंकित करा लेना चाहिये। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय का यह कहना है कि न्यायाधीश न्यायिक कार्यवाही के समय केवल मौन दृष्टा ही नहीं वरन वह पूरी तरह सजीवता से किसी प्रकरण के संपूर्ण विचारण पर, अपने संपूर्ण ज्ञान चक्षु से नियंत्रण एवं संचालन करने वाला न्यायाकर्ता है। जिसके ऊपर सहीं एवं वास्तविक न्याय करने की अपूर्व जिम्मेदारी होती है।

अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारी, आहत व्यक्ति एवं चक्षुदर्शी साक्षी सभी मानव है अतः स्वाभाविक मानवीय त्रुटियां सभी से संभव है। इसीलिये सर्वोच्च न्यायालय का यह अभिमत है कि अनुसंधान, विचारण या साक्षियों द्वारा किये गये कथनाकनों की कोई सामान्य त्रुटि किसी मामले की मूल स्थिति को उलटती नहीं है। और किसी आपराधिक मामले को मात्र इस कारण अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि अभियोजन एक स्पष्ट कहानी लेकर न्यायालय में नहीं आया है। आपराधिक मामले में अभिलेख में आये साक्ष्य को न्यायाधीश द्वारा चिंतन करके उसमें से सत्य एवं झूठ को पृथक–पृथक करना चाहिये। किसी चक्षुदर्शी साक्षी का कथन इतना अधिक विरोधाभासी, विलोप एवं विसंगति युक्त हो कि यदि उसमें से सत्य और असत्य का अलगाव संभव ही न हो तो ऐसी दशा में सर्वोच्च न्यायालय का यह अभिमत है कि ऐसे साक्षी के संपूर्ण कथन को ही निरस्त (तिरस्कृत) कर दिया जावे। किन्तु यदि कोई साक्षी एक बात पर झूठा एवं कुछ एक बात पर सच्चा लगे तो उसके संपूर्ण कथन को तिरस्कृत

नहीं किया जा सकता अपितु उसके सत्य पूर्ण परिलक्षित कथनों पर, यदि संपुष्टिकारक साक्ष्य के अभाव में विश्वास किया जा सकता हो तो बिना संपुष्टिकारक साक्ष्य के ही विश्वास किया जाना चाहिए।

छोटे या बड़े सभी आपराधिक मामलों में प्रथम सूचना पत्र एवं धारा 161 दं.प्र. सं. के अंतर्गत लिया गया कथन महत्वपूर्ण होता है किन्तु यह इतना अधिक महत्वपूर्ण नहीं होता कि इन्हें "सारवान साक्ष्य" माना जावे। सर्वोच्च न्यायालय का यह अभिमत है कि सारवाना साक्ष्य वह होता है जो विचारण के समय न्यायालय में शपथपूर्ण कथन करके प्रस्तुत किया जावे।

प्रथम सूचना पत्र के संबंध में यह कहा गया है कि यह कोई विश्वकोश "इनसाईक्लोपीड़िया" नहीं होता कि इसमें अपराध एवं इसकी घटना का संपूर्ण विवरण हो इसीलिये इसका प्रयोग इसे दर्ज कराने वाले से भिन्न साक्षी के कथनों की विश्वसनीयता को परखने के लिये नहीं किया जा सकता इसका प्रयोग केवल इसके दर्ज कराने वाले एवं इसे लिखने वाले के न्यायालयीन कथनों में विरोधाभास या विलोप लाने एवं प्रमाणित करने में किया जाता है। इसका प्रयोग प्रथम सूचना पंजीकृत कराने वाला यदि आहत व्यक्ति हो तो उसके न्यायालय में हुए कथनों की संपुष्टि में किया जा सकता है और यह लिखा जा सकता है कि आहत व्यक्ति का न्यायालयीन कथन उसके द्वारा दर्ज कराये गये प्रथम सूचना पत्र से संपुष्ट होता है।

धारा 161 दं.प्र.सं. का कथन किसी साक्षी के पुलिस के समक्ष दिये गये कथनों का सारांश होता है। यह न्यायालय में हुए साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता इसमें सामान्य या तुच्छ विरोधाभास एवं विलोप स्वाभाविक है। किसी चक्षुदर्शी साक्षी के संपूर्ण कथन को उसके धारा 161 के तहत लिये गये कथन में आए विरोधाभास एवं विलोप के अकेले के आधारों पर तिरस्कृत नहीं किया जा सकता। चक्षुदर्शी साक्षी के कथनों की विश्वसनीयता जांचने के लिये विचारण न्यायालय ही सर्वाधिक सक्षम माना गया है। इसीलिये तथ्यों के संबंध में विचारण न्यायालय का निष्कर्ष अपील में भी हस्तक्षेप योग्य नहीं होता।

प्रथम सूचना पत्र के विलंब एवं विरोधाभास तथा विलोपों के बारे में समाधान कारक स्पष्टीकरण हो तो इन्हें आहत व्यक्ति के न्यायालय में हुये कथनों को तिरस्कृत करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। आहत व्यक्ति का अभियुक्त से पूर्ववर्ती रंजिश हो सकती है और उनके रिश्तेदार अभियोजन के लिये हितबद्ध साक्षी भी हो सकते हैं। किन्तु मात्र इन्हीं कारणों से इनका संपूर्ण न्यायालयीन कथन तिरस्कृत नहीं किया जा सकता। ***दर्या सिंह विरुद्ध स्टेट, ए.आय.आर. 1965 सु. को. 328 (331)***।

काल्पनिक आधारयुक्त संभावनाओं से हटकर यदि साधारण मानवीय संभावनाओं की दृष्टि से जांच परख करने के बाद भी किसी चक्षुदर्शी साक्षी का कथन अविश्वसनीय परिलक्षित न हो, तो उसके कथनों पर विश्वास करते हुये अभियुक्त को दोषी ठहराया जाना चाहिये।

शरीर संबंधी अपराधों के लिये हत्या के मामले को छोड़कर यदि आहत एवं क्षुब्ध व्यक्ति का न्यायालय में कथन, चिकित्सीय साक्ष्य से संपुष्टित हो और अभियुक्त से उसकी दुश्मनी इस हद तक न हो कि वह बनावटी मामला लाकर अभियुक्त को दंडित करावें तो उसके कथनों पर विश्वास किया जा सकता है। यदि उसके कथन प्रथम सूचना पत्र या धारा 161 के तहत लिये कथनों से इस हद तक विरोधाभास एवं विलोप वाला न हो कि उन्हीं आधारों पर उसके कथन को तिरस्कृत करना अनिवार्य हो जाये, उसके कथनों पर विश्वास किया जाना चाहिये। हत्या के मामले में मृत व्यक्ति उपलब्ध नहीं होता इसलिये मृतक का रिश्तेदार महत्वपूर्ण होता उसकी इच्छा यह होती है कि उसके संबंधी की जान लेने वाले को उचित दंड मिले इसीलिये जब तक उसके संपूर्ण परीक्षण से यह पता न चले की चक्षुदर्शी साक्षी न होते हुये भी वह मात्र इसलिये अपने आपको चक्षुदर्शी होना निरूपित कर रहा है कि अभियुक्त को ऐन–केन प्रकरेण सजा दिलाई जा सके तब तक उसके कथन पर अनुमानों के आधार पर अविश्वास नहीं किया जाना चाहिये।

